**भारत सरकार**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 3015 जिसका उत्तर

**शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक)** को दिया जाना है

**नए रेल मार्ग के लिए आईपीआरसीएल का व्यवहार्यता अध्ययन**

**† 3015. श्री दुष्यंत सिंह :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईपीआरसीएल) ने पोतभार परिवहन और पोतांतरण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए जैसलमेर, बाड़मेर, भवतड़ा को बरास्ता सांचोर कांडला पत्तन से जोड़ने वाला रेल मार्ग स्थापित करने के लिए कोई व्यवहार्यता अध्ययन/ सर्वेक्षण किया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) आईपीआरसीएल के व्यवहार्यता अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों का ब्यौरा क्या है, और डीजल तथा विद्युत कर्षण दोनों विकल्पों के साथ परियोजना की अनुमानित लागत और अध्ययन के भाग के रूप में किए गए वित्तीय तथा अभियांत्रिकी आकलन क्या हैं;

(ग) क्या सरकार के पास परियोजना के निष्पादन के लिए परियोजना की तैयारी, हितधारक- जुड़ाव और संयुक्त उद्यम (जेवी) या विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के गठन के चरणों को रेखांकित करने वाली विस्तृत रूपरेखा और परियोजना सुझाव हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या राजस्थान सरकार उक्त परियोजना में सहयोग कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**

**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) और (ख):** आईपीआरसीएल ने कार्गो परिवहन और ट्रांसशिपमेंट क्षमताओं को बढ़ाने के लिए जनवरी, 2018 में पालनपुर, गांधीधाम से होते हुए दीनदयाल पत्तन, कांडला तक प्रस्तावित संपर्क के साथ बाड़मेर से होते हुए जैसलमेर से भाभर तक प्रस्तावित नई रेल संपर्कता के लिए यातायात रिपोर्ट, वित्तीय रिपोर्ट और इंजीनियरिंग सर्वेक्षण रिपोर्ट को शामिल करते हुए व्यवहार्यता अध्ययन किया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में, परियोजना की अनुमानित लागत, डीजल ट्रैक्शन के लिए 2177.01 करोड़ रु. तथा विद्युत

ट्रैक्शन के लिए 2555.71 करोड़ रु. थी। व्यवहार्यता रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष अनुबंध में दिए गए हैं। **(अनुबंध-I)**

**(ग) से (ङ):** आईपीआरसीएल ने राजस्थान सरकार को रिपोर्ट की प्रतियां सौंपी थीं, जिसमें राजस्थान सरकार और दीनदयाल पत्तन प्राधिकरण (डीपीए) द्वारा की जाने वाली कार्रवाई की रूपरेखा के साथ एक रोडमैप भी शामिल है, जिसमें विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना और रेलवे से इसकी मंजूरी लेना, प्रमुख हितधारकों को शामिल करना, परियोजना के कार्यान्वयन और परियोजना निष्पादन (कार्यान्वयन के लिए आईपीआरसीएल और जेवी/एसपीवी के बीच समझौता) के लिए जेवी/एसपीवी का गठन शामिल है। उच्च मूल्य वाली रेल परियोजना के कारण, जिससे पत्तन के वित्त पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने रेल मंत्रालय से उक्त परियोजना को पीएम गतिशक्ति योजना के तहत शामिल करने का अनुरोध किया है।

अनुबंध-I

व्यवहार्यता रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | सेवा प्रदत्त राज्य | : | राजस्थान, गुजरात |
| 2 | सेवा प्रदत्त जिले | : | राजस्थान-बाड़मेर, जालोर, जैसलमेर |
| | | | गुजरात – बनासकांठा |
| 3 | सेवा प्रदत्त तहसील | : | राजस्थान-बाड़मेर, गुढ़ा मालानी, चोहटन, सांचौर, शिव, फतेहगढ़, जैसलमेर |
| | | | गुजरात: थराद, वाव, दियोदर |
| 4 | महत्वपूर्ण स्थान | : | जैसलमेर, शिव, बाडमेर। धोरीमना, थराद, भाभर |
| 5 | लंबाई | : | मार्ग की लंबाई – 357.28 किमी |
| | | | निर्माण लंबाई – 350.44 किमी |
| 6 | रूलिंग ग्रेडिएंट | : | 150 में 1 (क्षतिपूर्ति) |
| 7 | यार्ड | | |
| | क. ग्रेडिएंट | : | 1200 में 1 |
| | ख. लंबाई | | 1200 मी. |
| 8 | वक्र | | |
| | क. अधिकतम वक्र | : | 2.92 डिग्री (एक स्थान पर) |
| | ख. वक्रों की संख्या और लंबाई | | 115 और लंबाई – 64.53 किमी |
| 9 | अर्थ वर्क | | |
| | क. कट | | अधिकतम गहराई = 16.49 मीटर |
| | | : | आयतन = 64,03,868 $m^3$ |
| | ख. तट | | अधिकतम ऊंचाई = 11.37 मीटर |
| | | | आयतन = 62,18,303 $m^3$ |
| 10 | पुल | | |
| | क. मुख्य पुल | : | 50 जिनमें 34 नहर क्रॉसिंग शामिल हैं |
| | ख. छोटे पुल | : | 256 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ग. सड़क ओवर ब्रिज – आरओबी | : | 31 |
| | घ.  सड़क के नीचे पुल – आरयूबी | : | 56 |
| 11 | सिग्नलिंग का मानक | : | एमएसीएलएस मानक-III वर्ग बी विशेषताएँ |
| 12 | नए स्टेशनों की संख्या | : | 2 जंक्शन, 19 क्रॉसिंग, 3 हाल्ट |
| 13 | नया लेवल क्रॉसिंग | | शून्य |
| 14 | अपेक्षित भूमि का अधिग्रहण किया जाना है | : | राजस्थान – 986.8 हेक्टेयर |
| | | | गुजरात – 246.2 हेक्टेयर |

*****